# UP Board Solutions for Class 8 Hindi Chapter 10 नामदेव (महान व्यक्तित्व)

**अभ्यास-प्रश्न**

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए**

**प्रश्न 1.**
नामदेव का जन्म कहाँ हुआ था? इनका पालन-पोषण किसने किया?
**उत्तर :**
नामदेव का जन्म महाराष्ट्र प्रान्त में हुआ। इनका पालन-पोषण दामोदर नामक व्यक्ति और उसकी पत्नी गुणाबाई ने किया।

**प्रश्न 2.**
नामदेव को वैराग्य किस घटना से उत्पन्न हुआ?
**उत्तर :**
बबूल की डाल काटते समय नामदेव को लगा कि वे किसी मनुष्य की गर्दन पर कुल्हाड़ी चला रहे है। इस घटना के पश्चात् उन्हें वैराग्य उत्पन्न हो गया।

**प्रश्न 3.**
नामदेव द्वारा लिखित भजन को किस नाम से जाना जाता है?
**उत्तर :**
नामदेव द्वारा लिखित भजन को अभंग नाम से जाना जाता है।

**प्रश्न 4.**
नामदेव की किसी एक चमत्कारिक घटना का वर्णन कीजिए।
**उत्तर :**
नामदेव ने राजा के सामने मरी गाय को जीवित कर दिया। इस चमत्कार को देखकर राजा ने इनसे क्षमा माँगी।

https://www.evidyarthi.in/